आकाशवाणी चंडीगढ

07 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली मे राष्ट्रीय गीत वंदे मात्तरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्घाटन किया ।

2. वंदे मातरम के 150वी वर्षगांठ पर हरियाणा और चंडीगढ़ मे राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया – मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राष्ट्रगीत आत्मबल का शंखनाद है ।

3. उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने युवा शक्ति से भारत को विकसित बनाने मे योगदान देने का आह्वान किया ।

4.सर्वोच्च न्यायालय ने अवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे के मद्देनजर सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित रखने के लिए दिशा निर्देश जारी किए ।

5. कल फिरोजपुर छावनी से दिल्ली के लिए नई वंदे भारत एक्स्प्रेस चलाई जाएगी ।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने vandemataram150.in पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डाल सकते है और प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह

को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय गीत भारत माता के प्रति भक्ति और श्रद्धा है जो हमें इतिहास की याद दिलाता है, –

उन्होंने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

------------------------------------------------------------------------------------

आज वंदे मातरम  के 150 वर्ष पूरे होने पर हरियाणा और चंडीगढ़ में राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गान किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय  स्मरण उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में  मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा  कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत केवल एक गीत नहीं भारत की पहचान है। ये राष्ट्र गीत मर्यादा, अनुशासन और त्याग की भावना को जोड़ने वाला एक मंत्र है । श्री नायब सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रगीत आत्मबल का  शंखनाद है। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के मूल मंत्र ने गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारतवासियों की आत्मा को जगाने का  काम किया और  भारत के स्वराज आंदोलन को एक नई पहचान दी ।

मुख्यमंत्री ने सभी से पाँच संकल्प लेने को कहा –

इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम  भी आयोजित किए गए।

------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के विभिन्न जिलों से वंदे मातरम कार्यक्रमों के आयोजन के समाचार मिले हैं। पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शिरक़त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा –

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हुए कहा कि 7 से 14 नवंबर तक प्रदेश के सभी स्कूलों में 'वंदे मातरम उत्सव' मनाया जाएगा। और स्कूलों में सप्ताहभर विशेष कार्यक्रम, देशभक्ति से जुड़ी गतिविधियाँ और वंदे मातरम से जुड़े आयोजन कराए जाएंगे।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी गई।

---

पलवल में 'वंदे मातरम' स्मरणोत्सव पर हथीन खंड में वंदे मातरम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। बल्लभगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा नागरिकों को राष्ट्रभक्ति के संदेश से प्रेरित किया।विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम" गीत का सामूहिक गायन किया गया।

जींद में सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की आत्मा है। यह एक ऐसी उदयीमान शक्ति है, जिसने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए स्वराज आंदोलन को नई उर्जा दी।

---

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज युवा शक्ति से भारत को विकसित बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। वे सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी की SRM यूनिवर्सिटी के तीसरे  दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करती देश की नई शिक्षा नीति से देश प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता तकनीकी ओर रोजगार परक शिक्षा ही विकास का आधार है। दीक्षांत

समारोह में उपराष्ट्रपति ने एक हजार 435 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति टी.आर.पुरन्धर, कुलाधिपति रवि पुचमुट्टी, और उप कुलपति प्रोफेसर परमजीत जायसवाल मौजूद रहे।

---------------------------------------------------------------------------------

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए आज कई दिशा-निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी अंजारिया की पीठ ने देश में आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई में हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने के निर्देश दिए।

न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत स्थानीय नगर निकायों से ऐसे जगहों से पशुओं को नियमित रूप से उठाकर आवश्यक टीकाकरण और नसबंदी के बाद निर्धारित आश्रय स्थलों पर भेजने को कहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएं अन्यथा ये अधिकारी इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। सर्वोच्च न्यायालय को इन दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में आठ सप्ताह के भीतर अनुपालन स्थिति रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

---------------------------------------------------------------------------------

अंबाला रेल मंडल में कल फिरोजपुर छावनी से दिल्ली के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ होगा।

अंबाला रेल मंडल के प्रबंधक विनोद भाटिया ने बताया कि

उन्होंने बताया कि इस रेलगाड़ी के शुरू होने से पंजाब हरियाणा दिल्ली के यात्रियों को ओर अधिक तेज ,सुरक्षित व आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा ।

श्री भाटिया ने बताया कि फिरोजपुर से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव बठिंडा, धुरी, पटियाला और अंबाला छावनी स्टेशनों पर होगा। रेलगाड़ी फिर दिल्ली मंडल में प्रवेश करेगी।

---------------------------------------------------------------------------------